# हैंडलूम एक्सपो में लोगों को खूब पसंद आ रही पहाड़ी टोपी

**एक्सपो**

देहरादून। **संवाददाता**

दून के परेड मैदान में आयोजित हैंडलूम एक्सपो में दिन प्रतिदिन लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यहाँ हर रोज कुछ न कुछ स्पेशल देखने को मिल जाता है। हैंडमेड हैंडलूम से लेकर गढ़वाली भोजन का रेस्टोरेंट भी चर्चा में है। लोग पहाड़ी कल्चर को बहुत अच्छी तरह से जान पा रहे हैं। मेले में अन्य राज्य से आये हुए लोग जिन्होंने अलग अलग स्टॉल लगाया है वह भी कल्चर को अच्छे से जान रहे हैं। पहाड़ी टोपी का स्टॉल काफी चर्चा में है।



एक्सपो में खरीदारी करते लोग।

लोग इस पहाड़ी टोपी के स्टॉल से खरीदारी कर रहे है।

पहाड़ी टोपी का स्टॉल राजवाला गारमेंट उद्योग का है जिसका स्टॉल नंबर 5 है। इस स्टॉल में हिमाचल टोपी, नेपाली टोपी और अफगानी टोपी उपलब्ध है। यह स्टॉल प्रीति पंवार का है जो कालसी से आई हुई हैं। उन्होंने बताया कि यह सभी टोपियां वह खुद हाथ से बनाती है। टोपियां अलग अलग डिजाइन में उपलब्ध है और सबको आकर्षित कर रही है। देहरादून के बाहर से आये हुए लोगों को यह टोपी बहुत ही लुभा रही है। पहाड़ी टोपी देखने में भी बहुत आकर्षित होती है।

## विस उपाध्यक्ष ने चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं



चौपाल को संबोधित करते विस उपाध्यक्ष।

**संवाददाता** अल्मोड़ा। अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने जनपद के विकास खण्ड भैसियाछाना के ग्राम पंचायत पल्यौं में चौपाल लगाकर लोगों की जन समस्याएं सुनी और दूरभाष से वार्ता कर विभागीय अधिकारियों को गांव की जनसमस्याओं को दूर करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनता से अपील की वे केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाये। इस दौरान उन्होंने किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को तत्काल प्रभाव से धनराशि मुहैया कराने के लिये क्षेत्रीय पटवारी को क्षेत्र का भ्रमण कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने के निर्देश दिये।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# निर्माण कार्य तेजी से पूरे करने के दिए निर्देश

## डीएम ने ली गंगा सुरक्षा समिति की बैठक

**बैठक**

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई पेयजल निगम, उत्तरखण्ड जल संस्थान, सिंचाई खण्ड देहरादून जैसी कार्यदायी एजेंसियों तथा परियोजना प्रबन्धक स्वजल, जिला विकास अधिकार, वन विभाग, नगर निगम और ऋषिकेश से राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) की गाईडलाइन व दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्माण कार्य तेजी से पूरे करने के निर्देश दिये।

साथ ही जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उससे किस स्तर का सुधार हुआ है तथा किये जाने वाले कार्यों से होने वाले सुधार से जनमानस को भी विभिन्न माध्यमों से अवगत करानें के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम ऋषिकेश को सफाई कर्मचारियों को पर्याप्त उपकरण के साथ कूड़ा निस्तारण और साफ–सफाई का कार्य करवाने तथा ठोस अपशिष्ठ के सुरक्षित निपटान से सम्बन्धित सभी कार्य अधिक सक्रियता से सम्पादित करवाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि स्वच्छता एप्प को एक्टिवेट करते हुए उसको लगातार अपडेट भी करते रहें और स्वच्छता एप्प पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का तेजी से समाधान करते हुए इसका आमजनमानस में प्रचार–प्रसार भी करें। इसके अतिरिक्त घाटों को गोद लेने एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों के सम्बन्ध में नगर निगम को सम्बन्धित विभाग और कार्यदायी एजेंसियां से समन्वय करते हुए तत्काल इसका आकलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को नगर निगम ऋषिकेश से आवश्यक समन्वय करते हुए इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने गंगा घाटो पर लगाये जाने वाले सूचना पट्टो, एलईडी स्क्रीन, साइन बोर्ड, वाल पेन्टिंग, स्पीकरों इत्यादि के डिजाईन का अप्रूवल लेते हुए चिन्हित जगहों पर लगाने के निर्देश भी दिये।



जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीएम।

जिलाधिकारी ने जनपद के शहरी क्षेत्र में उत्तराखण्ड पेयजल निगम देहरादून द्वारा पूर्व में निर्मित सीवरेज योजनाओं के कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करते हुए सम्बन्धित को हस्तांतरित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी ऋषिकेश व नगर निगम ऋषिकेश को पुलिस विभाग के समन्वय से परमार्थ निकेतन अथवा अन्य स्थानों पर यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण हो तो उसे अतिक्रमणमुक्त करने की कार्यवाही अमल में लाने को कहा। साथ ही वन विभाग को भी उनकी भूमि पर यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण हो तो पुलिस, नगर निगम, राजस्व विभाग का अपेक्षित सहयोग लेते हुए इसको हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## न्यूज डायरी

### आर्दश ग्रामो में आयोजित होंगे समाज कल्याण विभाग के शिविर

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आर्दश ग्राम योजना के अन्तर्गत समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित जनपद के आर्दश ग्रामो में शासन के निर्देशों के अनुपालन मे समाज कल्याण विभाग द्वारा शिविरों का आयोजन प्रातः 11:00 बजे किया जाना है। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण, महिला कल्याण, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास बहुउद्देशीय वित्त विकास निगम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये की उक्त शिविरों में अपने–अपने विभागों को सम्बन्धित जानकारियॉ से जनता को लाभान्वित करने के निर्देश दिये है।

### तोगड़िया ने राम राज्य बनाने के लिए आगे आने का किया आह्वान

**संवाददाता** हरिद्वार। राम मंदिर आन्दोलन दौर में सक्रिय रहे अंतरराष्ट्रिय हिन्दू परिषद् के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि हिंदू समाज ने 450 साल तक स्वाभिमान की लड़ाई जारी रखी और अब राम मंदिर वहीं बनेगा, जो गौरव की बात है। राम मंदिर बन रहा है लेकिन राम राज्य का संकल्प अधूरा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राम राज्य बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। हल्द्वानी से रूडकी जाते समय श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के हरिद्वार इकाई के जिला महामन्त्री व् सामाजिक कार्यकर्ता डॉ विशाल गर्ग के घर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद अध्यक्ष तोगड़िया ने कहा कि सत्ता में आते ही लोग राम मंदिर को भूल गए थे। यह तो सुप्रीम कोर्ट का दिया हुआ न्याय है।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित, 100 लोगों का किया गया नेत्र परीक्षण

**संवाददाता** रुड़की। रुड़की में शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पूर्व सांसद राजेंद्र कुमार बॉडी, प्रदीप कुमार वर्मा श्रीगोपाल नारसन अनुराधा रावत द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। रुड़की मोहल्ला हनुमान कॉलोनी में समाजसेवी प्रदीप वर्मा के निवास स्थान पर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाया गया इस मौके पर एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्रा श्रीगोपाल नारसन अनुराधा रावत संदीप कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर कैंप का उद्घाटन किया गया इस मौके पर एआरटीओ रुड़की ज्योति शंकर मिश्रा ने कहा आँखे हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अगर एक पल के लिए भी हमसे अलग हो जाये तो हमारी जिन्दगी में अन्धेरा छा जायेगा।

# राज्य के पहले प्रशासनिक ई–लर्निंग स्टूडियो का डीएम ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**

हल्द्वानी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने शिक्षा में तकनीकि के समावेशन की महत्ता एवं आवश्यकता को समझते हुए कैम्प कार्यालय में स्थापित राज्य के पहले प्रशासनिक ई–लर्निंग स्टूडियों का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया।

बंसल ने कहा कि यू–ट्यूब सहित विभिन्न चौनलों पर विषय सर्च करने पर सैकड़ों वीडियों प्राप्त होती हैं तथा बच्चों को अपने पाठ्यक्रमानुसार वीडियों सलेक्शन में भी काफी दिक्कतें आती हैं। इसलिए विद्यार्थियों को विषय वस्तु उपलब्ध कराने के लिए ई–लर्निंग स्टूडियों सक्षम एवं सार्थक सिद्ध होगा। ई–लर्निन स्टूडियों के बनने



से विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम के अनुसार विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया उच्च क्वालिटी का रिकॉर्डेड डाटा पढ़ने के लिए प्राप्त होगा। बंसल ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जनपद के नेट कनेक्टिविटी वाले 125 विद्यालयों में भी ऑनलाईन ई–क्लास का संचालन स्टूडियों से किया जायेगा। स्टूडियों द्वारा फिजिक्स, केमिस्टी, मैथ्स, बायलॉजी, इंग्लिश आदि विषयों पर तैयार किए गए डाटा की वीडियों जनपद के 188 विद्यालयों में उपलब्ध करायी जायेगी, जिसें वहॉ पढ़ने वाले विद्यार्थी टीचरों के अभाव में भी ओथेंटिक डाटा से ऑफ लाईन पढ़ाई कर सकेंगे। श्री बंसल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मुहैया कराने के लिए अध्यापकों की कमी मेहसूस नहीं होने दी जायेगी।

बंसल ने कहा कि देश दुनिया डिजिटल तकनीकि की ओर आगे बढ़ रहा है। सभी क्षेत्रों में तकनीकि का समावेश हो चुका है। इसलिए आवश्यक है कि जनपद भी अन्य क्षेत्रों के साथ ही डिजिटल शिक्षा की दिशा में आगे बढे। जनपद की शिक्षा व्यवस्था में तकनीकी के समावेशन के लिए हाई स्कूल एवं इण्टर कॉलेजों में एलईडी उपलब्ध करायी जा रही हैं।

## आइआइटी के छात्र ने छात्रावास के कमरे में जहरीला पदार्थ खाया

**संवाददाता** रुड़की। आइआइटी के एक छात्र ने छात्रावास के कमरे में जहरीला पदार्थ खा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और फिर छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कनार्टक के मैसूर निवासी एक युवक एमटेक द्वितीय वर्ष का छात्र है। छात्र आइआइटी परिसर स्थित आजाद विंग भवन में रहता है। शनिवार सुबह छात्र के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। इस पर सहपाठी महेंद्र टीके ने खिड़की से झांककर देखा तो छात्र फर्श पर बेसुध पड़ा था। उसने इसकी सूचना आइआइटी के सुरक्षाकर्मियों को दी। इसके बाद सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में छात्रावास का दरवाजा तोड़कर छात्र को बाहर निकाला। उसके पास कई दवाओं की शीशियां पड़ी मिली। छात्र के मुंह से झाग निकल रहा था। वहीं, छात्र के कमरे से एक नोट भी बरामद हुआ। पुलिस ने उसे आनन–फानन में सिविल अस्पताल भेजा। यहां उसकी हालत नाजुक होने पर छात्र को हरिद्वार के एक अस्पताल में भेजा गया है।